कार्यालय महानिदेशक,चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,जवाहर भवन,6वॉ तल,उ0प्र0, लखनऊ

लखनऊःदिनांक 06 मई ,2020

यू0पी0 नीट पी0जी0–2020 के अन्तर्गत प्रथम चक की ऑन लाईन काउन्सिलिंग से आवंटन प्राप्त अभ्यर्थियो की प्रवेश प्रकिया के संबंध में महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश।

- ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने ऑन–लाईन शिक्षण शुल्क जमा कर दिया गया है, किन्तु आवंटन पत्र डाउनलोड नही कर सके है, उन्हे परेशान होने की आवश्यकता नही है, क्योंकि ऑन–लाईन शिक्षण शुल्क जमा करने के उपरान्त एन0आई0सी0 के सर्वर पर शिक्षण शुल्क अपडेट होने मे लगभग 2 से 3 दिन का समय लगता है। अतः अभ्यर्थी शिक्षण शुल्क अपडेट होने तक प्रतीक्षा करें।

- निजी क्षेत्र के मेडिकल/डेण्टल कालेजो में आवंटन प्राप्त अभ्यर्थी शासन/कालेज प्रबन्धन(अल्पसंख्यक संस्था) द्वारा निर्धारित शिक्षण शुल्क (Tuition Fee) की शेष धनराशि (ऑन–लाईन जमा की गयी शिक्षण शुल्क की धनराशि को घटाते हुये) का सी0टी0एस0 बैंक ड्राफ्ट, **जो महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ** (Director General Medical Education & Training, UP Payable at Lucknow) के पक्ष में देय हो प्रवेश हेतु नामित संबंधित नोडल सेन्टर पर मूल शैक्षणिक अभिलेखो सहित लॉक–डाउन समाप्त होने के पश्चात्/द्वितीय चक की काउंसिलिंग के पूर्व जमा किया जाना अनिवार्य है।

- ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने शिक्षण शुल्क एवं मूल शैक्षणिक अभिलेख सम्बन्धित नोडल सेन्टर पर जमा कर दिया गया है, वह द्वितीय चक की काउंसिलिंग में Resufling/Upgrade कर सकते है।

- अभ्यर्थियों द्वारा जमा की गयी सिक्योरिटी धनराशि किसी भी दशा में शिक्षण शुल्क में समायोजित नहीं की जायेगी।

- ऐसे अभ्यर्थी जिनको यू0पी0 नीट पी0जी0–2020 के प्रथम चक की काउंसिलिंग से आवंटन हुआ है यदि वह कालेज/नोडल सेन्टर पर उपलब्ध है, तो वह ऑन–लाईन शिक्षण शुल्क जमा करने के उपरान्त सम्बन्धित मेडिकल कालेज/संस्थान/विश्वविद्यालय तथा सम्बन्धित नोडल सेन्टरमें ऑफ–लाईन शिक्षण शुल्क की शेष धनराशि/मूल शैक्षणिक अभिलेख जमा कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर सकते है।

महानिदेशक।